अमर उजाला 11/10/2024

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता समय की मांग : डॉ. रोहित दत्त

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला में मौजूद छात्र, प्राचार्य व स्टाफ। संस्था

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा वीरवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने, मेंटल हेल्थ स्टिग्मा को कम करने और छात्रों एवं शिक्षकों के कल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की गई। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ़ अनुपमा सिहाग ने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। संवाद